aglasem.com

FOR UP CLASS 12 PREPARATION

UP Board Class 12th Model Paper 2027 SainyaVigyan

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
UP Class 12	2027	Sample Paper	Military Science

प्रतिदर्श प्रश्नपत्र
शैक्षिक सत्र–2026–27
कक्षा–12
सैन्य विज्ञान

संकेतांक–325

समयः 3 घन्टे 15 मिनट पूर्णांक–70

नोटः प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

निर्देशः (i) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अतिलघुउत्तरीय हैं जिनका उत्तर प्रत्येक का लगभग 25 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 21 से 24 तक लघुउत्तरीय हैं जिनका उत्तर प्रत्येक का लगभग 50 शब्दों में देना है तथा प्रश्न संख्या 25 एवं 26 दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक का लगभग 250 शब्दों में देना है।

(iii) सभी प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न

नोटः प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्पों में से एक उत्तर सही है। सही उत्तर छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिये।

1. राष्ट्रीय सुरक्षा से आशय– 1

(i) भौगोलिक सीमाओं की सुरक्षा (ii)राष्ट्रीय मूल मूल्यों की सुरक्षा

(iii) वित्तीय एवं प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा (iv) इनमें से सभी

2. भारत–पाकिस्तान को पश्चिम में तथा भारत–बांग्लादेश को पूर्व में विभाजित करने वाली अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा कौन है? 1

(i) मैकमोहन लाइन (ii) रैडक्लिफ लाइन

(iii) डूरेण्ड लाइन (iv) 38वीं समानान्तर रेखा

3. निम्नलिखित में से किस एक पड़ोसी राष्ट्र की स्थलीय सीमा भारत से नहीं मिलती है? 1

(i) पाकिस्तान (ii) बांग्लादेश

(iii) म्यांमार (iv) श्रीलंका

4. सिन्धु जल समझौता 1960 किन दो राष्ट्रों के मध्य सम्पन्न हुआ था? 1

(i) भारत–भुटान (ii) भारत–चीन

(iii) भारत–पाकिस्तान (iv) भारत–नेपाल

5. निम्नलिखित में से कौन एक राष्ट्र दक्षेस का सदस्य नहीं है? 1

(i)नेपाल (ii) भारत

(iii) पाकिस्तान (iv) म्यांमार

6. प्लासी की लड़ाई किस वर्ष लड़ी गई थी? 1

(i) 1757 (ii) 1857

(iii) 1861 (iv) 1880

7. छत्रपति शिवाजी को भारत में किस प्रकार के युद्ध/समरतंत्र के जनक के रूप में जाना जाता है? 1

(i) छापामार युद्ध (ii) किले की घेराबंदी

(iii) प्रचार युद्ध (iv) मनोवैज्ञानिक युद्ध

8. भारत–चीन को विभाजित करने वाली कौन सी रेखा है? 1

(i) डूरण्ड रेखा (ii) रेडक्लिफ रेखा

(iii) मैकमोहन रेखा (iv) इनमें से कोई नहीं

9. भारत–पाकिस्तान के मध्य ताशकन्द समझौता कब हुआ था? 1

(i) 1965 में (ii) 1948 में

(iii) 1971 में (iv) 1962 में

10. शिमला समझौता 1971 किन दो देशों के मध्य हुआ था? 1

(i) भारत–चीन (ii) भारत–पाकिस्तान

(iii) भारत–बांग्लादेश (iv) भारत–भूटान

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

11. मैक मोहन लाइन किन दो देशों को विभाजित करती है? 2
12. नागरिक सुरक्षा संगठन के उद्देश्यों को समझाइये? 2
13. छात्रों में चरित्र अनुशासन एवं साहचर्य जैसे जीवन मूल्य विकसित करने में एन0सी0सी0 की भूमिका का उल्लेख कीजिए। 2
14. भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम, 1857 की विफलता के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए। 2
15. नेतृत्व को परिभाषित करते हुए इसके गुणों का उल्लेख कीजिए। 2
16. सितम्बर 8–13, 2025 के मध्य छात्र/युवा द्वारा संचालित 'जेन जी' आन्दोलन के कारण भारत के किस पड़ोसी देश में सत्ता परिवर्तन हुआ था? 2
17. एन0सी0सी0 के दो प्रमुख उद्देश्यों को लिखिए। 2
18. सैन्य विज्ञान का अर्थ एक वाक्य में लिखिए। 2
19. भारत के किन्हीं पाँच पड़ोसी देशों के नाम लिखिए। 2
20. भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के विद्रोह के चार प्रमुख कारणों का नाम लिखिए।2

लघु उत्तरीय प्रश्न

21. छत्रपति शिवाजी के नेतृत्व में मराठा नौ सेना के संगठन एवं मराठा साम्राज्य के विस्तार में इनके योगदान का उल्लेख कीजिए। 5

22. भारत–पाकिस्तान युद्ध 1971 में भारत की निर्णायक जीत के कारणों का उल्लेख कीजिए। 5

23. भारत–पाकिस्तान युद्ध 1971 में वायु सेना की भूमिका का उल्लेख कीजिए। 5

24. भारत के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के आर्थिक कारणों का उल्लेख कीजिए। 5

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

25. युद्ध के निम्नलिखित सिद्धांतों में, लक्ष्य का चुनाव और उस पर बने रहना, आश्चर्य, सहयोग एवं सुरक्षा में से किसी एक सिद्धांत की व्याख्या भारत–पाक युद्ध 1971 के संदर्भ में विस्तार से कीजिए। 10

अथवा

भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम–1857 के सैनिक एवं राजनीतिक कारणों का विस्तार से उल्लेख कीजिए।

26. विश्व में भारत की सैन्य प्रतिष्ठा बढ़ाने, शत्रु की प्रव्याक्रमण की क्षमता को नष्ट करने एवं आतंक के प्रशिक्षण केन्द्रों को तबाह करने में 'ऑपरेशन सिन्दूर' ने एक नये युद्ध कर्म का सूत्रपात किया है। आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं? लिखिए। 10

अथवा

क्वीन विक्टोरिया की 1 नवम्बर 1858 की घोषणा के उपरान्त भारत की शासन व्यवस्था में परिवर्तन एवं सेना के पुनर्गठन का विस्तार से उल्लेख कीजिए?